# PT4/ANNUAL EXAMINATION, 2023-24
## HINDI

**Time – 3 hrs.** **Class – VI** **M.M. – 80**

***Name of the student ______________________________ Section ____ Date - 15.02.2024 (Thursday)***

**निर्देश –**
**1. प्रश्न पत्र चार खंड क्रमशः अ, ब, स और द में विभक्त है।**
**2. सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य है।**
**3. कृपया स्वच्छता पर विशेष ध्यान दें।**

## खंड – अ (अपठित बोध)

**प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– (1x4=4)**

भारतवर्ष में प्रदूषण की समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है। इसका कारण स्पष्ट है कि यहाँ जनसंख्या बहुत अधिक है। जिस स्थान में दो या तीन व्यक्ति सुगमतापूर्वक रह सकते हैं उसमें दस से बारह व्यक्ति गुज़ारा करते हैं। आवासीय संकट के कारण छोटे–छोटे भूखंडों पर छोटे–छोटे मकान हैं। कुछ मकान ऐसे भी हैं जहाँ सूर्य की किरणें कभी पहुँचती ही नहीं हैं। शुद्ध वायु सेवन तो उनके भाग्य में है ही नहीं। नगरों की आबादी दिन दूनी रात चौगुनी बढ़ती जा रही है। ग्रामों से नागरिकों का पलायन नगरों के जीवन को कष्टमय बनाता है। ज्यों–ज्यों नगरों में जनसंख्या का भार बढ़ता जा रहा है, त्यों–त्यों यातायात के साधनों में प्रयुक्त ईंधन (Fuel) वातावरण को दूषित बना रहा है। चिमनियों से निकलता धुआँ वातावरण की शुद्धता को नष्ट कर रहा है। नगरों के आवासीय स्थल व्यापारिक केंद्र एवं उद्योग धंधों के गढ़ बनते जा रहे हैं। जिससे वातावरण और अधिक तेजी से दूषित होता जा रहा है।

अ) भारतवर्ष में कौन–सी समस्या विकराल रूप धारण करती जा रही है?
क) प्रदूषण की ख) जनसंख्या वृद्धि की ग) पेयजल की घ) शिक्षा की

ब) छोटे–छोटे भूखंडों पर छोटे–छोटे मकान क्यों बने हैं ?
(क) आवासीय संकट के कारण (ख) जनसंख्या के कारण
(ग) धन की कमी के कारण (घ) अन्य कारण

स) नगरों का जीवन कष्टमय बनता जा रहा है, क्योंकि –
(क) गाँवों के लोग शहर की ओर पलायन कर रहे हैं (ख) नगर छोटे होते जा रहे हैं
(ग) नगरों में प्रदूषण है (घ) गाँव मिटते जा रहे हैं

द) 'व्यापारिक' में किस प्रत्यय का प्रयोग हुआ है?
(क) पारिक (ख) रिक (ग) इक (घ) क

**प्र.2 निम्नलिखित अपठित पद्यान्श को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के सही विकल्प चुनिये– (1x4=4)**

भारत माँ की शान निराली, इसका मान बढ़ाएँ हम ।
राणा के स्वर्णिम सपनों को, फिर से सत्य बनाएँ हम ।
झाँसी की रानी, सुभाष की गाथा फिर से दोहराएँ हम ।
ऊँच–नीच और छुआछूत के, सारे दोष मिटाएँ हम ।
भारत में उपजे धर्म विभेद को, मिलकर दूर भगाएँ हम ।
ऐक्य भाव से सब मिल–जुलकर, भारत नया बसाएँ हम ।

अ) 'राणा के स्वर्णिम सपनों को' इस पंक्ति में 'राणा' किसे कहा गया है ?
क) राजाओं को ख) स्वतंत्रता–सेनानियों को ग) महाराणा प्रताप को घ) नेताओं को

ब) कवि ने झाँसी की रानी और सुभाषचंद्र बोस की गाथाओं को दोहराने की बात क्यों की है ?
(क) वे हमें उनसे प्रेरणा लेने को कहना चाहते हैं।
(ख) वे हमें उन जैसा वीर बनाना चाहते हैं।
(ग) वे हममें उनके समान समर्पित देश–भक्ति की भावना भरना चाहते हैं।
(घ) उपरोक्त सभी

स) हमारे देश में कौन–से दोष हैं?

(क) ऊँच-नीच का भेद (ख) छुआ-छूत का (ग) धार्मिक भेदभाव का (घ) ये सभी

द) नया भारत कैसे बनाया जा सकता है?

(क) अपने अतीत को याद रखकर (ख) अपने देशभक्तों से प्रेरणा लेकर

(ग) सारे भेदभाव भुलाकर एकता से रहें (घ) सारी कुप्रथाओं को नष्ट करके

## खंड – ब (पठित बोध)

**प्र.3 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखें – (1x5=5)**

क) गाँधी जी ने किसके बच्चे का दूध छुड़ाने का काम किया?

ख) नगर से कुछ दूर तक चलने के बाद सीता जी के माथे पर क्या झलकने लगी?

ग) कोई भी जबान उर्दू, हिन्दी या अंग्रेज़ी सीखने के लिए उसके क्या सीखने होंगे?

घ) लोकगीत को रचने वाले अधिकतर कहाँ के लोग होते हैं?

ड.) 'जो देखकर भी नहीं देखते' पाठ को किसने लिखा है?

**प्र.4 'बाल रामकथा' पाठ के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– (1x5=5)**

अ) बाली कहाँ का राजा था?

क) लंका का (ख) पंचवटी का (ग) किष्किंधा का (घ) पंपा सरोवर का

ब) समुद्र के अंदर कौन-सा पर्वत था?

क) हिमालय पर्वत (ख) मैनाक पर्वत (ग) ऋष्यमूक पर्वत (घ) गोवर्धन पर्वत

स) एक आँख वाले गर्दन रहित राक्षस का क्या नाम था?

क) सुबाहु (ख) मारीच (ग) कबंध (घ) ताड़का

द) हनुमान की खोई शक्ति किसने जगाई?

क) सुग्रीव ने (ख) जामवंत ने (ग) नल ने (घ) अंगद ने

ई) वैद्य सुषेण ने हनुमान से कौन-सी बूटी लाने को कहा?

क) जीवन बूटी (ख) संजीवनी बूटी (ग) अमृत बूटी (घ) इनमें से कोई नहीं

**प्र.5 निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (1x5=5)**

लोकगीतों के कई प्रकार हैं। इनका एक प्रकार तो बड़ा ही ओजस्वी और सजीव है। यह इस देश के आदिवासियों का संगीत है। मध्यप्रदेश, दकन, छोटा नागपुर में गोंड-खांड, ओराँव-मुंडा, भील-संथाल आदि फैले हुए हैं, जिनमें आज भी जीवन नियमों की जकड़ में बँध न सका और निर्द्वंद्व लहराता रहता है। इनके गीत और नाच अधिकतर साथ-साथ और बड़े-बड़े दलों में गाए और नाचे जाते हैं। बीस-बीस, तीस-तीस आदमियों और औरतों के दल एक साथ या एक-दूसरे के जवाब में गाते हैं, दिशाएँ गूँज उठती हैं।

अ) 'ओराँव-मुंडा' क्या हैं?

क) स्थान ख) प्रदेश ग) संप्रदाय घ) आदिवासी

ब) लोकगीतों को गाने से क्या गूँज उठता है?

स) आदिवासियों के गीत अधिकतर कैसे गाए जाते हैं?

द) लोकगीतों को किनका संगीत माना जाता है?

ई) पाठ का तथा पाठ के लेखक का नाम लिखिए?

**प्र.6 निम्नलिखित पठित पद्यान्श को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखिए– (1x5=5)**

बड़ा बनाकर पहले हमको
तू पीछे छलती है मात !
हाथ पकड़ फिर सदा हमारे
साथ नहीं फिरती दिन-रात !
अपने कर से खिला, धुला मुख,
धूल पोंछ सज्जित कर गात,
थमा खिलौने, नहीं सुनाती
हमें सुखद परियों की बात !

अ) बड़ा बनाकर माँ क्या करती है?

क) हँसती है　　ख) छलती है　　ग) स्नेह करती है　　घ) क्रोध करती है

ब)　बच्ची माँ से क्या शिकायत करती है?

स)　बच्चों के बड़ा होने पर माँ क्या नहीं सुनाती है?

द)　बच्ची जब छोटी थी तब माँ उसके क्या-क्या काम करती थी?

ई)　कवि और कविता का नाम लिखिए।

**प्र.7　पाठ्यपुस्तक के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (कोई पाँच)**
**(2x5=10)**

अ) दुनिया का पुराना हाल किन चीज़ों से जाना जाता है? कुछ चीज़ों के नाम लिखिए।

ब) 'अब और कितनी दूर चलना है, पर्णकुटी कहाँ बनाइएगा' - किसने किससे पूछा और क्यों?

स) आश्रम में कॉलेज के छात्रों से गाँधी जी ने कौन-सा काम करवाया और क्यों?

द) 'जिन लोगों के पास आँखें हैं, वे सचमुच बहुत कम देखते हैं' - लेखिका को ऐसा क्यों लगता है?

ई) मसूरी और इलाहाबाद भारत के किस प्रांत में स्थित हैं?

फ) लन्दन में भोज पर बुलाये जाने पर गाँधी जी ने क्या किया?

**प्र.8. पाठ्यपुस्तक के आधार पर निम्नलिखित मूल्यपरक प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए-**
**(3x2=6)**

क) गाँधी जी शारीरिक व्यायाम को बहुत महत्त्व देते थे। क्यों? उदाहरण सहित बताइए ।

ख) क्या आपको लगता है कि प्रकृति का कण-कण हमें शिक्षा देता है? उदाहरण सहित समझाइए ।

ग) क्या आपने कभी जंगल की यात्रा की है? वहाँ आपको किन-किन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा? लिखिए।

## <u>खंड - स (व्याकरण)</u>

**प्र.9. निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**
**(1x3=3)**

अ)　उचित सर्वनाम छाँटिए-

क) शर्मा जी यह काम खुद कर लेंगे। _____ख) आपने खाना खाया या नहीं। _____

ब)　वाक्य पढ़कर सही अथवा ग़लत लिखिए-

क) संबंधवाचक सर्वनाम मिश्र वाक्यों के दो उपवाक्यों को जोड़ने का काम करता है। ------------

ख) उत्तम पुरुषवाचक सर्वनाम का प्रयोग श्रोता के लिए किया जाता है। -------------

स)　वाक्य को पढ़कर रेखांकित सर्वनामों का भेद पहचानिए और लिखिए-

क) इस कमरे में <u>कौन</u> सोता है? -----------------

ख) <u>आप</u> कहाँ पढ़ते हैं? ------------------

**प्र.10.　निर्देशों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।**
**(1x3=3)**

अ) रेखांकित विशेषणों का भेद पहचानकर लिखिए -

क) <u>**मेरा**</u> घर तीन मील दूर है।　　--------------

ख) वह <u>**सफेद**</u> गाड़ी किसकी है?　　-------------

ब) कोष्ठक में दिए गए निर्देशों के अनुसार रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

क) पिता जी ने बच्चे के लिए ------------------- दूध खरीदा ।　(निश्चित परिमाणवाचक विशेषण)

ख) आज --------------- स्कूल में आनंद मेला लगा है ।　(सार्वनामिक विशेषण)

स) दिए गए शब्दों से विशेषण बनाइये।

क) ईमानदारी --------------------　ख) पंजाब -----------------

**प्र.11.**अ) निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त क्रियाएँ सकर्मक हैं या अकर्मक लिखिए -
**(1x3=3)**

क) लड़कियाँ गीत गा रही हैं ।    ----------------

ख) यहाँ मत बैठिए ।    -----------------

ब) बताइए निम्नलिखित वाक्य किस काल के हैं?

क) मैं आज खाना नहीं खाऊँगा ।  -----------------

ख) बच्चे छत पर खेल रहे थे ।  -----------------

स) सही विकल्प चुनिये ।

क) क्रिया के मूल रूप को कहते हैं –

अ) सकर्मक    ब) अकर्मक    स) द्विकर्मक   द) धातु

ख) निम्नलिखित में से कौन–सा भूतकाल का वाक्य है?

अ)  हम स्कूल गए थे।  ब) हम स्कूल जाएँगे।  स) हम स्कूल में पढ़ रहे हैं।  द) उक्त सभी

**प्र.12.निर्देशानुसार उत्तर लिखिए– (3x4=12)**

अ)  निम्नलिखित श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखिए–

1. भवन – भुवन    2. शस्त्र – शास्त्र   3. नारी – नाड़ी

ब)  निम्नलिखित अनेकार्थी शब्दों के कम–से–कम दो अर्थ लिखिए–

1. नित्य    2. मंगल    3.  पानी

स)  निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए–

1. खून खौलना    2.  घोड़े बेचकर सोना   3. फूला न समाना

द)  निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके पुनः लिखिए।

1. मुझे एक फूलों की माला चाहिए।

2. कृपया मेरे घर आने का कृपा करें।

3. वह उसकी बहन के साथ आएगा।

## <u>खंड – द (लेखन)</u>

**प्र.13 निम्नलिखित में से किसी <u>एक विषय</u> पर पत्र लिखिए। (5x1=5)**

1. मित्र / सहेली को अपने जन्मदिन पर आमंत्रित करते हुए निमंत्रण पत्र लिखिए।
2. परीक्षा में अच्छे अंक आने पर अपने छोटे भाई को बधाई देते हुए पत्र लिखिए।

**प्र.14 किसी <u>एक विषय</u> पर अनुच्छेद लिखिए। (5x1=5)**

1. विद्यार्थी जीवन   2. जैसी करनी वैसी भरनी   3. अनुशासन   4. अच्छा स्वास्थ्य

**प्र.15.   निम्नलिखित चित्रों का वर्णन कीजिए – (कोई एक) (5x1=5)**

क)












**ख)**

1



2



3



4

